सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : अधिकतम प्रसार संख्या वाले 10 दैनिक समाचार पत्रों की सूची :—

क्रम सं०	समाचार पत्र का नाम तथा प्रकाशन का स्थान	भाषा/दैनिक	कलैंडर वर्ष 1990 के दौरान प्रति प्रकाशन दिवस में औसत प्रसार संख्या
1.	आनन्द बाजार पत्रिका, कलकत्ता	बंगला/दैनिक	4,12,440
2.	पंजाब केसरी, जालंधर	हिन्दी/दैनिक	3,42,744
3.	हिन्दुस्तान टाइम्स, दिल्ली	अंग्रेजी/दैनिक	3,31,238
4.	गुजरात समाचार, अहमदाबाद	गुजराती/दैनिक	2,43,562
5.	लोक सत्ता, बम्बई	मराठी/दैनिक	2,43,468
6.	पंजाब केसरी, दिल्ली	हिन्दी/दैनिक	2,07,582
7.	मलयालम मनोरमा, कालीकट	मलयालम/दैनिक	1,92,751
8.	प्रजावाणी, बंगलौर	कन्नड़/दैनिक	1,88,583
9.	मलयाला मनोरमा, कोट्टायम	मलयालम/दैनिक	1,85,554
10.	मलयाला मनोरमा, त्रिवेन्द्रम	मलयालम/दैनिक	1,85,554

आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों के स्तर में सुधार

1414. **श्रीमती वीणा वर्मा :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी दिल्ली से प्रतिदिन कितने समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं तथा अन्य स्टेशनों से प्रसारित किए जाने वाले बुलेटिनों की संख्या कितनी है; और

(ख) सरकार ने आकाशवाणी के समाचार बुलेटिनों के स्तर में सुधार लाने के लिए क्या कदम उठाए हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) आकाशवाणी दिल्ली से उसकी गृह सेवा, प्रादेशिक सेवा तथा विदेशी सेवा के अंतर्गत प्रतिदिन 149 बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं । आकाशवाणी के अन्य प्रादेशिक केन्द्रों से 136 समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाते हैं ।

(ख) आकाशवाणी का समाचार बुलेटिनों के स्तर तथा प्रस्तुतीकरण में सुधार लाने का सतत प्रयास रहता है । इसी दिशा में निम्नलिखित दो नई शुरुआत की गई है :—

1. प्रातः 8.00 बजे और 8.15 बजे 15—15 मिनट का "समाचार प्रभात" और "मार्निंग न्यूज" और

2. राष्ट्रीय चैनल पर मध्य रात्रि से आरम्भ दिन-रात (24 घंटे) प्रति घंटा एक समाचार बुलेटिन ।